>

Title: Regarding inclusion of Bhojpuri language in the Eighth Schedule to the Constitution

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, गत शुक्रवार के दिन अध्यक्ष महोदय ने अपने आसन से कहा था कि सरकार भोजपुरी के सवाल पर स्टेटमेंट देगी। आज हाउस बंद होने जा रहा है लेकिन सरकार की तरफ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप सरकार से कहें कि वह इस संबंध में स्टेटमेंट दे।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपसे किस ने कह दिया कि सैशन खत्म हो रहा है?

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, शुक्रवार के दिन माननीय अध्यक्ष जी ने कहा था।...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, उनका स्टेटमेंट दिलवा दीजिये।

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, आज ही स्टेटमेंट दिया जाये।

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : उपाध्यक्ष जी, आज नहीं तो फिर दे दें।

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, अभी स्टेटमेंट दिलवाइये क्योंकि आज हाउस बंद होने जा रहा है। अध्यक्ष महोदय के निर्देश का क्या हुआ?

उपाध्यक्ष महोदय : अभी हाउस चलेगा, आप बेफिक्र रहिये।

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, एक बजे बी.ए.सी. की मीटिंग करके हाउस बंद कराने जा रहे हैं। इसलिये आप सरकार से कहिये कि वह स्टेटमेंट दे। इतना तो बता दीजिये कि वह स्टेटमेंट कब आ रहा है?

उपाध्यक्ष महोदय : अच्छा, कह देंगे।

â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : पहले मल्होत्रा जी को सुनिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री रघुनाथ झा (बेतिया): उपाध्यक्ष जी, भोजपुरी के सवाल पर सदन में चर्चा हुई। प्रभुनाथ जी के कॉलिंग अटैंशन के बाद ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मल्होत्रा जी, एक बजने जा रहा है, आप शुरु करिये।

â€¦(व्यवधान)

श्री रघुनाथ झा : उपाध्यक्ष जी, भोजपुरी के सवाल पर भोजपुरी भाषा के लोगों की बात को सरकार टालती आ रही है। उपाध्यक्ष जी, हम सरकार से स्पष्ट उत्तर जानना चाहते हैं कि इस संबंध में क्या हो रहा है?...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to Prof. Vijay Kumar Malhotra. The issue is very important.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): उपाध्यक्ष जी, भोजपुरी सवाल पर बी.जे.पी. की तरफ से हर बार .यह कहा गया है कि सरकार इस पर क्यों देर कर रही है? हम चाहते हैं कि सरकार भोजपुरी विषय को सदन में लेकर आये । क्योंकि सरकार ने कहा था कि इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में लेकर आयेगी...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to the Minister. The Minister is on his legs.

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री प्रियरंजन दासमुंशी): उपाध्यक्ष जी, मैं तो इतना आश्वासन दे सकता हूं कि संस्कृति में डायलैक्ट के मसले पर जो जो काम संस्कृति मंत्रालय में भाषा के मसले पर एन.डी.ए. रिजीम के समय से अधूरे रह गये हैं, उन्हें पूरा करने का हमारा प्रयास रहेगा।

श्री प्रभुनाथ सिंह : यह कब तक होगा, उपाध्यक्ष जी, आप नियमन दीजिये। इसमें राजनीति मत लाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded.

*(Interruptions) **

उपाध्यक्ष महोदय : मल्होत्रा जी, टाइम वेस्ट हो रहा है, आप शुरु कीजिये।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : प्रभुनाथ जी, मैं तो उस दिन से इसके साथ हूं कि सरकार के अंदर जो अभी विचार आ रहे हैं, उसके लिये इतना ही कह सकता हूं कि भोजपुरी को प्राथमिकता है, और रहेगी।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

...(*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : झा जी, आप बैठ जाइये।

* Not recorded

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष जी, मुझे बताये यह स्टेटमेंट कब आयेगा?

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : भोजपुरी के साथ आपके प्रेम और हमारे प्रेम में कोई कमी नहीं है। जब दोनों का प्रेम तगड़ा है तो काम हो जायेगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded. Whosoever speaks without my permission, it should not be recorded. Prof. Vijay Kumar Malhotra is on his legs.

*(Interruptions)**

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, पिछले 2-3 महीने से बम्बई स्टॉक एक्सचेंज में हलचल हो रही है...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please listen to Prof. Vijay Kumar Malhotra.